दिनांकः 15.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर—अजमेर
प्रादेशिक समाचार।

- सेना दिवस पर आज जयपुर में पहली बार मुख्य परेड का आयोजन—शाम को शौर्य संध्या—रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शिरकत करेंगे।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे।
- जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से राज्य स्तरीय आरोग्य मेला आयोजित किया जाएगा।

और

- जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल आज से—देश—विदेश के 500 से अधिक साहित्यकार और विचारक शामिल होगें।

................

78वें सेना दिवस आज मनाया जा रहा है। राजधानी जयपुर में पहली बार सेना दिवस की मुख्य परेड का आयोजन हो रहा है। परेड की शुरुआत सुबह लगभग 10 बजे से होगी। जगतपुरा के महल रोड पर सेना अपने अनुशासन, शक्ति और आधुनिक सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन करेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी परेड में शामिल रहेंगे। इस वर्ष का यह आयोजन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि पहली बार सेना दिवस परेड किसी पारंपरिक छावनी क्षेत्र से बाहर आयोजित की जा रही है।

.....................

इसके साथ ही शाम को एसएमएस स्टेडियम में शौर्य संध्या रखी गई है, जिसमें देशभक्ति से ओत—प्रोत कई प्रस्तुतियां होगी। दोनों आयोजनों को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेना दिवस पर भारतीय सेना के साहस को सलाम करते हुए सोशल मीडिया संदेश में कहा है कि सेना के जवान निःस्वार्थ सेवा के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि हम उन सभी को श्रद्धापूर्वक याद करते हैं जिन्होंने कर्तव्य की राह में अपनी जान न्यौछावर कर दी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी भारतीय सेना के जवानों, उनके परिजनों और देशवासियों को सेना दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।

.....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। इस सम्मेलन में 42 राष्ट्रमंडल देशों के 61 अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारी भाग लेंगे।
चार अर्ध—स्वायत्त देशों की संसदों के अध्यक्ष भी सम्मेलन में शामिल रहेंगे। सम्मेलन में समकालीन संसदीय मुद्दों की विस्तृत श्रृंखला पर गहन चर्चा होगी, जिसमें लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूती देने में

अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों की भूमिका शामिल है। इस दौरान संसदीय कामकाज में ए.आई. का उपयोग, सांसदों पर सोशल मीडिया का प्रभाव, मतदान में नागरिक भागीदारी के साथ संसद के बारे में समझ बढ़ाने के लिए अभिनव रणनीतियों पर भी चर्चा होगी।

......................

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा है कि केन्द्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचना जरूरी है। वे कल अजमेर में केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से आयोजित मल्टी मीडिया प्रदर्शनी के समापन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान वीबी जी–राम–जी कानून के बारे में बालते हुए कहा कि इससे वंचित और शोषित लोगों का उत्थान होगा।

......................

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से राज्य स्तरीय आरोग्य मेला आयोजित किया जा रहा है। इसका शुभारंभ उपमुख्यमंत्री और आयुष मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा करेंगे। मेले में आमजन को आयुष विभाग द्वारा विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों की जानकारी दी जाएगी। मेले में आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, और होम्योपैथी पद्धतियों की निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, लोगों को आयुष आधारित जीवनशैली परामर्श भी दिया जाएगा।

......................

दुनिया के सबसे बड़े साहित्यिक महोत्सवों में शुमार जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल –जेएलएफ आज से शुरू हो रहा है। जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में शुरू हो रहे इस फेस्टिवल के दौरान विभिन्न सत्रों में टेक्नोलॉजी, साहित्य, राजनीति, खेल, इतिहास और सिनेमा विषयों पर संवाद होंगे। पांच दिन तक चलने वाले इस महोत्सव में देश–विदेश से 500 से अधिक साहित्यकार, विचारक और विशिष्ट हस्तियां शिरकत करेंगी। इसके अलावा संगीत प्रेमियों के लिए जयपुर म्यूजिक स्टेज इस बार भी खास आकर्षण रहेगा। यहां देश–विदेश के नामी और उभरते कलाकार विविध संगीत शैलियों की प्रस्तुतियां देंगे।

......................

जैसलमेर के पोकरण में भू–जल की तलाश के लिए किये गये हेलीबोर्न सर्वे में कई जगह पानी की उपलब्धता के संकेत मिले हैं। इस सर्वे में 64 स्थानों पर भू–जल का पता चला है। इनमें अधिकांश वे गांव हैं जहां पेयजल की गंभीर समस्या बनी रहती है।

......................

सीकर जिले के फतेहपुर थाना इलाके में हुए सड़क हादसे में एक और महिला की ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। हादसे में जान गंवाने वाली महिलाओं की संख्या सात हो गई है। पुलिस के मुताबिक कार में सवार लोग लक्ष्मणगढ से फतेहपुर लौट रहे थे। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने हादसे पर संवेदना जताते हुए परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

......................

प्रदेश में मकर संक्रांति के मौके पर पतंगबाजी के दौरान हुए विभिन्न हादसों में लगभग 140 लोग घायल हो गये और दो बच्चों की मृत्यु हो गई। राजधानी जयपुर में एक बच्चे का मांझे से गला कट गया, वहीं पाली में बिजली के तार में फंसी पतंग को छुड़ाने के दौरान करंट लगने से एक अन्य बच्चे की मृत्यु हो गई। घायलों का विभिन्न अस्पतालों में ईलाज किया जा रहा है।

.....................

प्रदेश में तेज सर्दी का असर बरकरार है। मौसम विभाग ने आज अलवर, कोटपूतली–बहरोड़ और हनुमानगढ़ सहित शेखावाटी क्षेत्रों में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। शेखावाटी क्षेत्र में अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ है। बारां में आज सुबह से ही कोहरा छाया हुआ है। पाली और हनुमानगढ़ में कोहरे से दृश्यता कम बनी हुई है। मौसम विभाग ने अगले सप्ताह मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है, साथ ही उत्तरी भागों में कहीं–कहीं ठण्डी हवाएं चलने और कोहरे की संभावना व्यक्त की है। इसके बाद भरतपुर और जयपुर संभाग में कहीं–कहीं मावठ हो सकती है।

.....................